फर्द अहकाम रजि0 न0 2025/205

(नियम 26)

नाम अदालत अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) अलवर मुकाम अलवर

उनवान भौरेलाल बनाम भू0 आवंटन सलाहकार समिति राजगढ

किस्म मुकदमा प्रा0प0 14(4) नम्बर 16/04/2025 दायर दिनांकः—25.09.2025

तारीख हुक्म	हुक्म की कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17 मार्च 2026	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी (श्री मनीष कुमावत) उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी/वकील प्रार्थी को पूर्व में ही न्यायालय द्वारा प्रार्थना पत्र में पाई गई कमियों की पूर्ति/रजिस्टर्ड नोटिस पेश करने हेतु पर्याप्त अवसर (दिनांक 25.09.2025 से लगातार) दिए जा चुके हैं। आदेशिका दिनांक 28.01.2026 को भी वकील प्रार्थी को 'रजिस्टर्ड नोटिस' पेश करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया गया था, बाबजूद अंतिम अवसर आज दिनांक तक प्रार्थी/वकील प्रार्थी द्वारा न तो 'रजिस्टर्ड नोटिस' पेश किये गए और न ही कोई उचित कारण दर्शाया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रार्थी/वकील प्रार्थी इस प्रार्थना पत्र को आगे चलाने में रुचि नहीं रखते हैं। न्यायालय के आदेशों की निरंतर अवहेलना/**Non compliance** के कारण, यह प्रार्थना पत्र सुनवाई योग्य नहीं रह गया है। अतः 'रजिस्टर्ड नोटिस' पेश न करने के कारण, प्रस्तुत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र आदेशों की अवहेलना/**Non compliance** में खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील पत्रावली जमा लेख भण्डार हो। अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) अलवर (राज0)	